उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 04 भाद्रपद, शक संवत्, 1943

( दिनांक : 26 अगस्त, 2021 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित (देखिए नत्थी **"क"**)
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" एवं "ग"**)
3. निधन के निदेश।
4. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए (प्रतिवेदन संख्या-2 वर्ष 2021) सदन के पटल पर रखेंगे।
5. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के वर्ष 2019-20 के वित्त एवं विनियोग लेखे सदन के पटल पर रखेंगे।
6. (मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।) सभापति, प्राक्कलन समिति, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्राक्कलन समिति का द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।
7. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
8. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम हरचन्दपुर माजरा में आन्तरिक सड़कों के सम्बन्ध में" श्री प्रदीप पुत्र श्री शेर सिंह, ग्राम हरचन्दपुर माजरा, पो0 ईकबालपुर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
9. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम मोहितपुर पोस्ट भगवानपुर में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बध में" श्री अरविन्द पुत्र श्री महेन्द्र सिह, ग्राम मोहितपुर पोस्ट भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
10. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम चुडियाला में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में" श्री सुखलाल बाग्ले पुत्र श्री दयाराम, ग्राम चुडियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम मोलना में गौरव सिंह के घर से कश्मीरा बाल्मिकी के घर तक सी0सी0 सड़क के सम्बन्ध में" श्री नरेन्द्र पुत्र श्री बिरमपाल ग्राम मोलना, पो0 ईकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य ''जनपद हरिद्वार के ग्राम हबीबपुर में हबीबपुर नवादा से पलूनी तक पी0सी0 सड़क निर्माण कराने के सम्बन्ध में" श्री बाबूराम पुत्र श्री बलवन्त ग्राम हबीबपुर नवादा, पो0 हल्लू माजरा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

14. नियम 315 के खण्ड (13)व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

15. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

16. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

17. उच्च शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री प्रीतम सिंह, | |
| 2. काजी मौ0 निजामुद्दीन, | हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय(संशोधन) विधेयक, 2021 |
| 3. श्री करन माहरा, | को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया |
| 4. श्री हरीश सिंह, | जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में |
| 5. श्रीमती ममता राकेश, | प्रस्तुत करें।" |
| 6. श्री आदेश सिंह चौहान, | (समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| 7. श्री राजकुमार, | |
| 8. श्री मनोज रावत, | |
| 9. श्री फुरकान अहमद। | |

18. उच्च शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 को पारित किया जाय।

19. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2021 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 01. श्री प्रीतम सिंह, | |
| 02. काजी मौ0 निजामुद्दीन, | उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2021 सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" (समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| 03. श्री करन माहरा, | |
| 04. श्री हरीश सिंह, | |
| 05. श्रीमती ममता राकेश, | |
| 06. श्री आदेश सिंह चौहान, | |
| 07. श्री राजकुमार, | |
| 08. श्री मनोज रावत, | |
| 09. श्री फुरकान अहमद। | |

20. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2021 को पारित किया जाय।

21. शहरी विकास मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान (संशोधन) विधेयक, 2021 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 01. श्री प्रीतम सिंह, | |
| 02. काजी मौ0 निजामुद्दीन, | उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान (संशोधन) विधेयक, 2021 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" (समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| 03. श्री करन माहरा, | |
| 04. श्री हरीश सिंह, | |
| 05. श्रीमती ममता राकेश, | |
| 06 श्री आदेश सिंह चौहान, | |
| 07 श्री राजकुमार, | |
| 08 श्री मनोज रावत, | |
| 09 श्री फुरकान अहमद। | |

22. शहरी विकास मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान (संशोधन) विधेयक, 2021 को पारित किया जाय।

23. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

24. प्रदेश के विद्युत वितरण खण्डों में स्वये सहायता समूह के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों की समस्याओं का निस्तारण न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में, श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 25 अगस्त, 2021 को दी गई सूचना पर, ऊर्जा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

25. जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के क्षेत्रान्तर्गत लघु जल विद्युत परियोजना बाछम का निर्माण कार्य अत्यधिक विलम्ब होने के पश्चात भी अपूर्ण रहने के सम्बन्ध में, श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 25 अगस्त, 2021 को दी गई सूचना पर, ऊर्जा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 25 अगस्त, 2021

(मुकेश सिंघल)
सचिव (प्रभारी)।

उत्तराखण्ड विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2021
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 04 भाद्रपद, शक संवत्, 1943

(दिनांक : 26 अगस्त, 2021)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री करन माहरा
09.08.2021

** क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पी0आर0डी0 के जवानों को कार्य के अवसर प्रदान नहीं किए जा रहे हैं, जिससे उनके समक्ष परिवारों के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी हैं? क्या सरकार इन पी0आर0डी0 जवानों को लगातार कार्य प्रदान किए जाने हेतु कोई ठोस कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

युवा कल्याण

श्री हरीश सिंह
16.08.2021

** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2017 में राज्य सरकार द्वारा राज्य के महाविद्यालयों में नितांत आवश्यक व्यवस्था के तहत 253 अतिथि शिक्षकों की नियुक्त की गयी थी तथा वर्ष 2020 में कोरोना काल के समय सरकार द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि किसी भी कर्मचारी को नौकरी से हटाया नहीं जायेगा ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि इसके उपरान्त भी 34 अतिथि शिक्षकों को पिछले 14 महीनों से इस व्यवस्था से बाहर किया गया है जबकि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में 40 शिक्षकों के पद रिक्त है ? क्या उच्च शिक्षा मंत्री सदन को अवगत करायेंगे कि नौकरी से हटाये गये 34 अतिथि शिक्षकों को पुनः सेवायोजित करवायेंगे ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उच्च शिक्षा

# नत्थी 'ख'

(उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2021 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न)

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमेश शर्मा 'काऊ'<br>27.11.2019 | *1. क्या पेयजल मंत्री के संज्ञान में हैं कि 13 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत देहरादून सीवर योजना के संदर्भ में मा0 सदस्य विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ द्वारा विधानसभा के प्रथम सत्र–2019 के द्वितीय शुक्रवार को तारांकित प्रश्न सं0–03 के पूछे गये प्रश्न के प्रतिउत्तर में सदन में तत्कालीन पेयजल मंत्री द्वारा उक्त योजना के अधूरे कार्यो को पूर्ण किये जाने के संदर्भ में निम्न सूचना सदन के पटल पर रखी गई थी ? "योजना के अन्तर्गत वृहद क्षेत्र जुड़ा होने के कारण एवं रोड रेस्टोरेशन के मद में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष वास्तविक व्यय अधिक होने के कारण वर्तमान में पुनरीक्षित प्राक्कलन गठन की कार्यवाही की जा रही है, पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति के उपरान्त योजना में सम्मिलित समस्त अवशेष कार्य पूर्ण किये जा सकेगें," पर विभाग द्वारा उक्त योजना का पुनरीक्षित प्राक्कलन शीघ्र गठित कर योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण करवाये जाने की बात कही गई थी ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि पुनरीाक्षित प्राक्कलन गठित कर स्वीकृत कर दिया गया है या नहीं ? यदि नहीं, तो क्या सरकार अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर समस्त कार्यो को जनोपयोगी बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

श्री उमेश शर्मा 'काऊ'
27.11.2019

*2. क्या पेयजल मंत्री के संज्ञान में हैं कि 13 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत देहरादून सीवर योजना का कुछ भाग ट्रंक सीवर के रूप में रिस्पना के किनारे बिछाया जाना प्रस्तावित था ? वर्ष 2016–17 में उक्त कार्य हेतु रू0–75 करोड़ की निविदा स्वीकृत कर कार्य प्रारम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत हरिद्वार रोड से सहस्त्रधारा रोड तक रिस्पना नदी के दोनों ओर स्थित कॉलोनियों को जोड़ते हुए विधान सभा के समीप पूर्व में जे0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत बिछाई गई 1.5 मी0 व्यास के ट्रंक सीवर से जोड़ा जाना प्रस्तावित था ? क्या यह सत्य है कि उक्त स्वीकृत निविदा में कुछ क्षेत्रों को सीवर से जोड़ दिया गया है तथा कुछ क्षेत्र अभी भी ट्रंक सीवर से जुड़ नहीं पाये है ? सम्बन्धित फर्म मैसर्स ई0एम0एस0 इन्फ्राकॉम, गाजियाबाद द्वारा कार्यों को प्लानिंग से नहीं करने के कारण कई क्षेत्र उक्त सीवर व्यवस्था से वंचित रह गये है ? क्या मंत्री जी अवगत है कि फर्म की लापरवाही के कारण नदी किनारे सीवर बिछाये जाने के स्थान पर नदी के बीच में सीवर लाईन बिछा दी गई है, जिस कारण बरसात के समय कभी भी नदी का पानी मेनहॉल चैम्बर को तोड़कर ट्रंक सीवर में घुस सकता है तथा डाउनस्ट्रीम में आवासित क्षेत्रवासियों के मकानों एवं जान–माल को खतरा उत्पन्न हो गया है? क्या सरकार भविष्य में ऐसी कोई बड़ी घटना को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठायेगी तथा ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायेगी ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

## नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.05.2021 | *01. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोविड–19 कोरोना के कारण गतवर्ष मई 2020 से 31 मार्च 2021 तक कुल कितने लोगों की मृत्यु हुई है? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा कोरोना के कारण मारे गये लोगों के आश्रितों/परिवारों को रू0 2.00 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की घोषणा की गयी थी? क्या सरकार बतायेगी कि उक्तावधि में कोरोना महामारी में जनपदवार कुल कितने लोग मरे हैं और उन्हें कितनी धनराशि की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी? क्या सरकार तत्सम्बन्धी विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री उमेश शर्मा काऊ<br>10.05.2021 | *02. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012–13 से लेकर वर्ष 2019–20 में स्वीकृत सीवर/पेयजल योजना के आगणन के सापेक्ष वर्तमान में अवशेष कार्यों के लिए क्या सरकार वर्तमान स्वीकृत दरों के अनुसार आगणन पुनरीक्षित करायेगी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 07 वर्षों से शासन द्वारा धनावंटन न होने के कारण रायपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सीवर/पेयजल की कितनी स्वीकृत योजनाएं पूर्ण नहीं हो पाई? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि पूर्व में स्वीकृत किये गये कार्यों को पूर्ण कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 के बजट में प्राविधान किया गया है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.05.2021 | *03. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के सम्बन्ध में वित्तीय वर्ष 2017–18 के बजट भाषण में घोषणा के बावजूद प्रश्नगत मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु स्थान के परिवर्तन पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो स्थान परिवर्तन का औचित्य क्या है तथा इस संदर्भ में प्रस्ताव किन कारणों से उपस्थित हुआ? क्या मंत्री जी पूर्व में सदन में की गई घोषणा के ही अनुरूप जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2020–21 में धन अवमुक्त करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |

श्री राम सिंह कैड़ा
10.05.2021

*04. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकाण्डा ब्लॉक में सैकड़ों गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है एवं ऐलोपैथिक अस्पताल के लिए ग्रामीणों की बार–बार मांग के बाद भीड़ापानी, पतलोट, लुगड़, पुटगांव, धैना हेतु एक प्रस्ताव डी0जी0 हैल्थ को भेजा गया ? क्या यह सत्य है कि 20 हजार से कम जनसंख्या में कोई अस्पताल नहीं खुल सकता है? यदि हां, तो क्या सरकार इस नियम में बदलाव करते हुए अस्पताल खोलेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री राम सिंह कैड़ा
10.05.2021

*05. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल में जल योजना चल रही है? क्या मंत्री जी अवगत है कि ग्राम सभाओं में पुरानी पेयजल लाइनों से नल जोड़ दिए गये हैं, परन्तु उन लाइनों में पानी नहीं आता है? क्या सरकार भीमताल विधान सभा की ग्राम सभाओं में पुरानी पेयजल लाईनो का हटाकर हर घर नल में जल योजना का कार्य कब प्रारम्भ करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री राम सिंह कैड़ा
10.05.2021

*06. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत ओखलकांड़ा ब्लॉक के गौला से कालाआगर पंम्पिंग योजना स्वीकृत है जिसमें प्रथम चरण की स्वीकृति के बाद द्वितीय चरण की डी0पी0आर0 तैयार होकर शासन स्तर पर लम्बित है? क्या मंत्री जी अवगत है कि उक्त पेयजल योजना के बनने के बाद 09 ग्राम सभाओं के 92 तोकों की पानी की समस्या का समाधान होना है? सरकार उक्त पेयजल पम्पिंग योजना की स्वीकृति कब तक करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री हरीश सिंह
10.05.2021

**स्थगित।**

*07. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी चिकित्सालयों में चिकित्सा सम्बन्धी मूलभूत सुविधाएं चिकित्सकों, फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के अभाव के कारण स्थानीय जनता को उपचार, मूलभूत स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं, केन्द्र सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं एवं छोटी–छोटी स्वास्थ्य सेवाओं जैसे टीकाकरण आदि से वंचित रहना पड़ता है तथा उपचार हेतु हल्द्वानी अथवा देहरादून जाना पड़ता है जिस कारण यात्रा में लगने वाले समय के अंतराल में ही मरीजों को अपनी जान गवानी पड़ती है? क्या सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाकर प्रदेश के समस्त सरकारी चिकित्सालयों में विशेषकर दूरस्थ सरकारी चिकित्सालयों में चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, स्वास्थ्य कार्यकत्रियों एवं अन्य स्टाफ की नियुक्ति की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>11.05.2021 | *08. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में हैं कि विगत कई वर्षों के पश्चात् स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरानी नर्सिंग सेवा नियमावली में संशोधन कर जारी की गई विज्ञप्ति से पूर्व में संविदा/उपनल के माध्यम से 05–15 वर्षों से विषम परिस्थिति में अल्प वेतन पर कार्यरत नर्सों के संग अन्याय हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार पूर्व के नियमों के दृष्टिगत रखते हुए नर्सों के चयन में 5–15 वर्षों से संविदा/उपनल के माध्यम एवं एन0एच0एम0 के माध्यम से कार्यरत नर्सों को चयन प्रकिया में प्राथमिकता प्रदान करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>11.05.2021 | *09. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की 30 पंचायतों को ई–विलेज योजना के अन्तर्गत स्मार्ट विलेज बनाने का जो निर्णय लिया गया था, सरकार द्वारा कब तक पूरा कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>11.05.2021 | *10. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहकारिता विभाग द्वारा राज्य के कृषकों को 3 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है यह ऋण किस प्रकार के कृषकों को वितरित किया जा रहा है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इस योजना के प्रारम्भ से लेकर अब तक जनपदवार कितने कृषकों को यह ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है तथा किसानों की आय दोगुना करने में यह योजना कितनी कारगर हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री करन माहरा<br>11.05.2021 | *11. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कोविड–19 की पहली लहर के दौरान राज्य सरकार द्वारा वैंटिलेटर आदि की खरीद की गई थी? यदि हां,, तो क्या मंत्री जी उक्त वैंटिलेटर किस–किस जनपद में कितने–कितने प्रदान किये गये का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या मंत्री जी राज्य सरकार द्वारा उक्त वैंटिलेटर को सही प्रकार से जनपदवार संचालित कराये जाने हेतु क्या–क्या कदम उठाये गये का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.05.2021 | *12. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोरोना की मार झेल रहे कास्तकारों के द्वारा सहकारी समितियों से लिए गये अल्पकालीन व मध्यकालीन फसली ऋणों को चुकाने में भारी असमर्थता व्यक्त की जा रही है? क्या यह सत्य है कि गत वर्ष से ही कोरोना महामारी के कारण रोजगार के सारे धन्धे बन्द रहने व ठप्प होने के कारण कास्तकारों को अपना जीवन यापन करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार ऐसी विषम परिस्थितियों में गरीब कास्तकारों के फसली ऋण को माफ किए जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |

श्री प्रीतम सिंह पंवार
17.05.2021

**स्थगित।**

*13. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोविड 19 कोरोना महामारी से लड़ने/रोकथाम के लिए सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है ? क्या यह सत्य है कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी के कारण कोरोना मरीज उपचार के अभाव में बड़ी संख्या में दम तोड़ रहे है ? क्या सरकार बतायेंगी कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ की अतिरिक्त तैनाती कब–कब और किन–किन अस्पतालों में की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब
17.05.2021

*14. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मार्च 2020 से वर्तमान तिथि तक कोरोना संक्रमण के कितने मामले प्रकाश में आये हैं एवं कितने मरीजों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई है तथा कितने मरीजों का उपचार चल रहा है? क्या सरकार के पास कोरोना संक्रमण के उपचार हेतु पर्याप्त साधन एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं? यदि नहीं, तो कोरोना संक्रमण से निपटने हेतु कोई कार्ययोजना सरकार बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री मनोज रावत
18.05.2021

*15. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य में गोल्डन कार्ड योजना लागू होने के उपरान्त राज्य के पेंशनर्स के लिए ओ0पी0डी0 के आधार पर क्रय की गई औषधि की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है ? यदि हां, तो चिकित्सा प्रतिपूर्ति समाप्त किये जाने का औचित्य क्या है और क्या इसको सेवारत कर्मचारियों को अनुमन्य सुविधा की भांति बहाल किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री खजान दास
03.06.2021

*16. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील है और मौसम की सटीक जानकारी समय से प्राप्त होने हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2003 में मसूरी एवं नैनीताल में दो डाप्लर रडार लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि अब तक भी नैनीताल अथवा मसूरी में उक्त डाप्लर रडार स्थापित नहीं हो सके हैं, जिस कारण मौसम की सटीक जानकारी न मिलने से हर वर्ष कई लोग प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाते हैं? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि किन कारणों से यह विलम्ब हुआ है ? क्या सरकार प्रदेश में मौसम की सटीक जानकारी समय से न मिलने के कारण हो रही प्राकृतिक आपदाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए मसूरी एवं नैनीताल में शीघ्र ही डाप्लर रडार लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के क्या उपाय किये जायेंगे ?

आपदा प्रबन्धन

श्री सुरेश राठौर
04.06.2021

*17. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में जनपदवार जीर्ण–क्षीर्ण सभी राजकीय विद्यालय भवनों की कितनी संख्या है ? क्या इनके सुदृढ़ीकरण/पुनः निर्माण एवं नये राजकीय विद्यालय भवनों नव निर्माण की कोई योजना गतिमान है ? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ? यदि नहीं, तो कब तक उक्त योजनाएं धरातल पर पूर्ण कर ली जायेंगी ताकि प्रदेश के लाखों छात्र–छात्राओं को उच्चतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किया जाना सुनिश्चित हो सके ?

विद्यालयी शिक्षा

श्री महेश जीना
28.06.2021

*18. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट में वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितनी पेयजल योजनायें स्वीकृत हुई है? क्या यह सत्य है कि उक्त स्वीकृत योजनाओं से विधानसभा क्षेत्र सल्ट की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने में उपलब्धी प्राप्त होगी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि आज समय तक कुल कितनी योजनाओं का कार्य प्रारम्भ हो चुका है,और कुल कितनी योजनाओं में कार्य प्रारम्भ होना है?क्या सरकार इन योजनाओं का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री महेश जीना
30.06.2021

*19. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्राकृतिक जल स्त्रोत अत्यधिक मात्रा में सूख गये हैं या सूखने के कगार पर हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाने से पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को पेयजल जैसी मूल समस्या से जूझना पड़ रहा है? क्या सरकार प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु कोई ठोस नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं,तो क्यों?

पेयजल

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री धन सिंह नेगी
06.02.2020

1. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थानीय निकाय सीवर लाईन का निर्माण करते है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, नई टिहरी व चम्बा में सीवर लाईन की स्थिति क्या है? क्या यह भी सत्य है कि शहरी विकास विभाग नगर पालिका क्षेत्रों में सीवर समस्या के समाधान के लिए अवस्थापना विकास का कार्य करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र, टिहरी के नगर पालिका परिषद नई टिहरी के एम. ब्लॉक, ढुगीधार व निर्बल वर्ग आश्रम की सीवर लाईन को एस0टी0पी0 लाईन से जोड़ने की कार्यवाही करने का कार्य करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>29.07.2020 | 2. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से लेकर अब तक सीवर/सैप्टिक टैंकों में सफाई आदि का कार्य करते हुए कितने लोगों की मौत हो चुकी है? क्या यह सत्य है कि मृतकों के आश्रितों को यथाशीघ्र 10 लाख रूपये मुआवजा दिये जाने का प्राविधान है ? क्या यह मुआवजा सभी पीड़ितों को दे दिया गया है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>29.07.2020 | 3. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सीवर/टैंक सफाई आदि कामों को आधुनिक तकनीक से किया जा रहा है? यदि हां, तो जनपद हरिद्वार में सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में नई आधुनिक मशीनें लगा दी गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>10.05.2021 | 01. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि ऊधम सिंह नगर के अंतर्गत जसपुर विधान सभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन एवं ऐनेस्थेसिया के चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं की गई है? क्या यह सत्य है कि जसपुर के अन्तर्गत प्राथमिक हैल्थ सेंटर (PHC) रायपुर, पतरामपुर, लालपुर एवं गढ़ी नेगी में भी चिकित्सक नियुक्त नहीं है, जिस कारण जनता को प्रतिदिन कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार जनहित में उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.05.2021 | 02. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के ग्राम मानकपुर–आदमपुर, सिरचन्दी, डाडा जलालपुर, सिकरोढ़ा, बुग्गावाला एवं भलस्वागाज में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं ? क्या यह सत्य है कि उक्त केन्द्रों पर कर्मचारियों की नियुक्ति न होने के फलस्वरूप केन्द्र बन्द हैं और भवन खराब हो रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त केन्द्रों के उपयोग किये जाने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>10.05.2021 | 03. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) (संशोधन) सेवा नियमावली के अन्तर्गत राज्य में आरम्भ की गई भर्ती प्रकिया में वर्ष के 31 जुलाई तक होने वाली रिक्तियों को सम्मिलित न किए जाने के फलस्वरूप सामान्य वर्ग के लिए अति न्यून अथवा शून्य की संख्या में रिक्तियां उपलब्ध हो रही है? क्या इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 विभाग में प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं,तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>10.05.2021<br>श्री धन सिंह नेगी<br>02.07.2021 | 04. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फार्मासिस्ट के कुल कितने पद स्वीकृत हैं और कितने पद रिक्त हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है ? यदि हां, तो रिक्त फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्ति हेतु अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है ? क्या सरकार रिक्त पदों पर शीघ्र ही फार्मासिस्ट की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री हरीश सिंह<br>10.05.2021 | 05. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार वर्ष 2019–20 में जिन आपदा प्रभावितों का अस्थाई पुनर्वास किया गया है, को उचित मुआवजा प्रदान करने एवं उन्हें स्थाई रूप से पुनर्वासित करने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरीश सिंह<br>10.05.2021 | 06. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित सरकारी चिकित्सालयों का उच्चीकरण किये जाने तथा उक्त चिकित्सालयों को समस्त आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किये जाने एवं मानकों अनुरूप चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने हेतु सरकार आवश्यक कार्यवाही कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री करन माहरा<br>10.05.2021 | 07. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गोविन्द सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय रानीखेत, अल्मोड़ा को उच्चीकृत करते हुए 200 शैयायुक्त करने का शासनादेश दिनांक 09.02.2014 को जारी किया गया था ? यदि हां, तो सरकार इस कार्य को कब तक प्रारम्भ कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री करन माहरा<br>10.05.2021 | 08. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्व0 गोविन्द सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत, अल्मोड़ा के अन्तर्गत कुल कितने पद सृजित है, उनके सापेक्ष कितने पद रिक्त है ? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर भर्ती हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री मनोज रावत<br>11.05.2021 | 09. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र में ऊखीमठ तहसील के व्यूंखी गांव के एम.आर.पी. सेन्टर को बन्द कर दिया गया है ? यदि हां, तो उसके क्या कारण थे ? क्या सरकार उक्त सेन्टर को पुनः खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>11.05.2021 | 10. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय पतलोट व रा0मा0वि0 दोषापानी में ग्रामीण पी0जी0 खोलने की मांग कर रहे हैं? क्या यह सत्य है कि पी0जी0 कक्षायें संचालित न होने से छात्र–छात्रायें पी0जी0 की शिक्षा से वंचित हो रहे है तथा उन्हें उच्च शिक्षा हेतु हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता है? सरकार उक्त दोनों महाविद्यालयों में पी0जी0 की कक्षाऐं कब से संचालित करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री करन माहरा<br>11.05.2021 | 11. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिस प्रकार कोविड–19 काल में सरकार द्वारा प्रदेश में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों का बीमा कराया गया है उसी भांति क्या प्रदेश में 108 सेवा के अन्तर्गत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों, वाहन चालकों, चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों एवं अन्य 108 सेवा में कार्यरत कार्मिकों का भी बीमा कराया गया है? यदि हां तो क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगीं? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री हरीश सिंह<br>11.05.2021 | **प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–61 में स्थानान्तरित।**<br>12. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड मुनस्यारी एवं धारचूला में नदियों से हो रहे भू–कटाव को रोकने हेतु व्यासधारी तटबन्धों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गई है तथा उक्त तटबन्धों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश सिंह<br>11.05.2021 | 13. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत है कि वर्ष 2019–20 में प्रदेश के कई जिलों में लोगों को अतिवृष्टि से जान–माल की अत्यधिक हानि उठानी पड़ी तथा कई परिवारों को बेघर तक होना पड़ा ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान करने तथा बेघरों के पुनर्वास पर विचार/कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>12.05.2021 | 14. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में कुल कितने बड़े अथवा छोटे सरकारी अस्पताल है? प्रत्येक अस्पताल में डाक्टरों, पैरामेडिकल व अन्य स्टाफ के कितने पद सृजित है और इन पदो के सापेक्ष कितने पद भरे है तथा कितने पद रिक्त है? सरकार इन पदों को भरने हेतु यथाशीघ्र क्या कार्ययोजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>12.05.2021 | 15. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के सी0एच0सी0 कस्बा मंगलौर और नारसन, सी0एच0सी0 में एक्स–रे मशीन और रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? यदि हॉ, तो क्या सरकार सी0एच0सी0 मंगलौर और सी0एच0सी0 नारसन में यथाशीघ्र एक्स–रे मशीन और रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री करन माहरा<br>12.05.2021 | 16. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कोविड–19 के कितने टेस्ट किए गए और कितने टेस्ट पॉजिटिव पाए गये? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश में कोरोना से ठीक हुए लोगों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री मनोज रावत<br>12.05.2021 | 17. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गत चार वर्षों में कितने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया तथा कितनों को उच्चीकृत करना शेष हैं? क्या सरकार शेष स्कूलों को शीघ्र उच्चीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>12.05.2021 | 18. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि राज्य में वर्ष 2016 में ए0एन0एम0 के 440 पदों के लिए जारी की गई नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार ने अभी तक उक्त पदों में से कितनी अभ्यर्थिनियों को नियुक्ति प्रदान की गई है एवं उनमें से रिक्त शेष पदों पर नियुक्ति पत्र कब तक जारी किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.05.2021 | 19. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ओखलकाण्डा में 04 अप्रैल 2018 को ई–टेलीमेडिसन बनाने हेतु घोषणा की गयी थी व उद्घाटन भी किया गया था यदि हां, तो अभी तक इस सेवा से सम्बन्धित कोई भी कार्यवाही अस्पताल परिसर में नहीं की गयी है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इस सेवा का लाभ क्षेत्रवासियों को कब तक मिलेगा व सम्बन्धित मशीनें अस्पताल परिसर में सरकार द्वारा कब तक लगाई जायेगीं ? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.05.2021 | 20. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड ओखलकाण्डा में सिद्धदेव मन्दिर से ग्राम पंचायत गरगड़ी मल्ली व गरगड़ी तल्ली तक पेयजल लाईन का निर्माण कब तक होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.05.2021 | 21. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की 'हर घर नल, हर घर जल' योजना के अन्तर्गत राज्य तथा भीमताल विधान सभा क्षेत्र में कितनी योजनाएं बनाई जायेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.05.2021 | 22. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकांडा में कालाआगर पम्पिंग योजना प्रस्तावित है, जिसकी प्रथम चरण की स्वीकृति भी मिल चुकी है तथा द्वितीय चरण का आगणन तैयार होकर शासन में लम्बित हैं ? सरकार उक्त पम्पिंग योजना को कब तक बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>12.05.2021 | 23. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत है कि त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था के अन्तर्गत राज्य में जिला पंचायत और ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास कार्यों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की हिस्सेदारी किस अनुपात में होती है? अगर हिस्सेदारी है तो उसकी क्या व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 13.05.2021 | 24. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कुल कितने प्रधानाध्यापकों व राजकीय इण्टरमीडिएट कॉलेजों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त चल रहे है ? क्या सरकार बतायेगी कि रिक्त पद पदोन्नति से भरे जायेंगे या इनमें नियुक्तियां की जायेंगी ? यदि हां, तो कब तक पदोन्नतियां/नियुक्तियां की जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 13.05.2021 | 25. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिला नियोजन समिति का चुनाव कराये जाने से लेकर प्रदेश के जिला पंचायत सदस्यों का प्रदेश संगठन पिछली एक फरवरी 2021 से अपनी एक सूत्रीय मांग लेकर देहरादून में आन्दोलनरत है ? क्या सरकार बतायेगी कि जिला नियोजन समितियों के चुनाव न कराये जाने के क्या कारण है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि प्रदेश में जिला नियोजन समिति (डी0पी0सी0) के चुनाव कब तक करा लिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 13.05.2021 | 26. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रा.प्रा.वि. धोन नगुण–थौलधार, रा.प्रा.वि. पापरा तल्ला जौनपुर, रा.प्रा.वि. आलूचक फिडोगी जौनपुर रा.प्रा.वि. क्यारी थौलधार रा.प्रा.वि. महेड़ा थौलधार तथा रा.प्रा.वि. सुमनक्यारी जौनपुर के विधालय भवन वृहद मरम्मत योग्य या जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं? क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवनों के पुनर्निर्माण/वृहद् मरम्मत हेतु धनावंटन करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश 13.05.2021 | 27. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में कितने हैण्ड पम्प लगे हुए हैं और कितने खराब है एवं कितनों की मरम्मत करायी जानी है और कितने रिबोर श्रेणी के हैं ? क्या सरकार उक्त खराब हैण्ड पम्प को सही कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्रीमती ममता राकेश 13.05.2021 | 28. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के मक्खनपुर सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड मशीन न होने से क्षेत्रवासियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार उक्त अस्पताल में शीघ्र अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं ? तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>13.05.2021 | 29. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ए0एन0एम0 के कितने पद रिक्त हैं ? इन रिक्त पदों पर कब से भर्ती प्रक्रिया आरम्भ नहीं की गई है ? क्या सरकार ए0एन0एम0 के रिक्त पदों पर भर्ती करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री मनोज रावत<br>13.05.2021 | 30. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि प्रदेश में स्वजल निदेशालय, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत विगत 25 वर्षों से कार्यरत विभागीय संविदा कर्मचारियों को विगत 11 माह से वेतन एवं विगत 2 वर्षों से लम्बित अन्य भतों का भुगतान नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार यह भी बताने का कष्ट करेगी कि वेतन एवं भतों के भुगतान न होने के क्या कारण हैं तथा कब तक भुगतान कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>13.05.2021 | 31. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र भीमताल के विकास खंड ओखलकांडा के अतंर्गत टूनीरौला से पटरानी गांव की ओर जलसंस्थान की पेयजल लाईन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिस कारण यहां के ग्रामीणों को दूर से पानी लाना पड़ता है ? क्या सरकार ग्रामीणों की पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए इस पेयजल लाईन का पुनर्निर्माण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>13.05.2021 | 32. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी के समय प्रदेश के सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी तथा निजी विद्यालयों में फीस माफ करने के लिए सरकार की कोई योजना है? यदि हॉ, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>13.05.2021 | 33. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देवभूमि उत्तराखण्ड में लगातार हो रही दैवीय आपदा से बचाव के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाया जा रहा है और देव प्रयाग के बौठ गॉव में बादल फटने से कितना नुकसान हुआ है? उस नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा क्या प्रबन्ध किये जा रहे है ? यदि नही, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>17.05.2021 | 34. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि देहरादून नगर के वार्ड 02 में अमन विहार के ब्लाक–सी की लेन नम्बर–4 से गंगोत्री विहार को जोड़ने वाले मार्ग पर लगभग दो सौ मीटर भाग में सीवर लाईन बिछाये जाने का कार्य छोड़ दिया गया है जबकि आस–पास के क्षेत्र में सीवर लाईन बिछाये हुए कई वर्ष हो चुके है ? यदि हां, तो उपरिवर्णित भाग में सीवर लाईन न बिछाये जाने के क्या कारण है तथा कब तक उक्त क्षेत्र में सीवर लाईन बिछा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.05.2021 | 35. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड थौलधार के ग्राम पंचायत सरोट–डोबन के लिए टी.एच.डी.सी.लि0 टिहरी गढ़वाल द्वारा कई वर्षों पूर्व पेयजल योजना का निर्माण कराया गया था ? क्या यह सत्य है कि उक्त पेयजल योजना पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है, जिससे पेयजल आपूर्ति पूर्णतया बाधित है ? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पेयजल योजना की मरम्मत करवाकर पेयजल आपूर्ति बहाल करायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>18.05.2021 | 36. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मेहनतकश आशा कार्यकत्रियों की उल्लेखनीय सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए सरकार उचित वेतन व सुविधा बढाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>19.05.2021 | 37. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 128 / 2019 जो जनपद हरिद्वार के ग्राम उदलहेड़ी में पानी की टंकी लगाई जाने के संबंध में थी पर मेरे द्वारा बार–बार अवगत कराने पर भी अभी तक कार्यवाही नही हो पायी है? क्या सरकार इस घोषणा को पूरा करवाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>19.05.2021 | 38. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 125 / 2019 जो विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में मिनी स्टेडियम का निर्माण किए जाने के संबंध में थी पर मेरे द्वारा बार–बार अवगत कराने पर भी अभी तक कार्यवाही नही हो पायी है? क्या सरकार इस घोषणा को पूरा करने पर विचार कर रही है ? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2021 | **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्याः 07 में स्थानान्तरित।**<br>39. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक कब से कार्यरत हैं, और उन्हें प्रतिमाह कुल कितना मानदेय दिया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि इन ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा पड़ोसी राज्य हिमांचल प्रदेश की भांति वेतन/मानदेय दिये जाने की सरकार से लम्बे समय से मांग की जा रही है? यदि हां, तो इनकी लम्बी सेवाओं तथा आवश्यकता के दृष्टिगत इनके मानदेय में वृद्धि की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2021 | 40. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में युवक मंगल दलो व महिला मंगल दलों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें वित्तीय सहायता दिये जाने की कोई योजना गतिमान है? क्या सरकार बतायेगी कि उत्कृष्ट व सक्रिय युवक मंगल दलों तथा महिला मंगल दलों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जायेगा? यदि हां, तो उस कार्ययोजना का स्वरूप क्या होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>21.05.2021 | 41. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश में जिला सहकारी बैंकों में नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति निकाली गई थी लेकिन वह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पायी है? क्या मंत्री जी बताएंगे कि सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया को कब तक पूर्ण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>21.05.2021 | 42. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि कोरोना महामारी के समय चिकित्सकों को सरकार द्वारा क्या सुविधाएं दी जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>24.05.2021 | 43. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सी0एस0सी0 और पी0एच0सी0 अस्पतालों में कोविड–19 के दौरान कोविड सेन्टर में बहुत अव्यवस्था देखी गई है ? मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सी0एस0सी0 और पी0एच0सी0 अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>24.05.2021 | 44. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 के समय में राज्य के प्राथमिक विद्यालय पूर्णतः बंद है जिसका प्रतिकूल असर राज्य के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों पर पड़ रहा है ? क्या सरकार द्वारा आगामी समय के लिए शिक्षा विभाग द्वारा ऐसी कोई योजना बनायी जा रही है, जिससे बच्चों के पठन–पाठन पर कोई व्यवधान न हो? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>25.05.2021 | 45. क्या पेयजल मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र, भगवानपुर के रूहालकी दयालपुर व सरखेड़ी शाहजहांपुर में पानी की टंकी एवं बोरिंग खराब होने के फलस्वरूप क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी जनहित में उक्त टंकी एवं बोरिंग को ठीक करवाने पर विचार करेंगे यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती ममता राकेश<br>25.05.2021 | 46. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र, भगवानपुर के ग्राम मानकपुर–आदमपुर, सिरचन्दी, डाडा जलालपुर, सिकरोढ़ा, गुग्गावाला एवं भलस्वागाज में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को कोविड सेन्टर के रूप में स्थापित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>25.05.2021 | **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्याः 08 में स्थानान्तरित।**<br>47. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष 2019 से अब तक जहा सम्पूर्ण देश कोविड–19 महामारी से प्रभावित हुआ है, जिससे उत्तराखण्ड राज्य भी अछूता नहीं है ? इस प्रतिकूल प्रभाव के कारण राज्य के मजदूर वर्ग को बहुत आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है, इसके साथ–साथ बाहरी प्रदेशों से भी प्रवासी मजदूर अपने राज्य के जनपदों के वापिस आये है ? क्या इन मजदूरों की आर्थिकी को सुधारने के लिये मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 500 रू0 तथा न्यूनतम दिनों को दोगुना बढ़ाने के लिये राज्य सरकार कोई अहम कदम उठायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 25.05.2021 | 48. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जो पब्लिक विद्यालय संचालित किये जा रहे है उनमें अधिकतम प्राथमिक विद्यालय विगत 02 वर्षो से बन्द है तथा उन विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को विद्यालय प्रबन्धन द्वारा मासिक वेतन नहीं दिया जा रहा है या बहुत विद्यालयों द्वारा शिक्षकों को विद्यालयों से हटा दिया गया है, जिस कारण अब इन शिक्षकों के सामने आर्थिक समस्या पैदा हो गयी है ?सरकार इन शिक्षकों के लिये क्या प्रयास कर रही है, जिससे इन शिक्षकों को आर्थिक लाभ दिया जा सके? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 27.05.2021 | 49. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजकीय शिक्षक संघ द्वारा स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के अनुसार विद्यालयों के सर्वथा कोटिकरण को शुद्ध किए जाने की मांग की जा रही है? क्या सरकार बतायेगी कि शिक्षक संघों की मांग के अनुसार अव्यवहारिक कोटिकरण को शुद्ध किया जा चुका है? क्या सरकार यथाशीघ्र शिक्षक–शिक्षिकाओं के सभी प्रकार के विकल्पों में अनिवार्य रूप से स्थानान्तरण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री खजान दास 27.05.2021 | 50. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राजधानी क्षेत्र के प्रिन्स चौक क्षेत्र मे बारिश के कारण सीवर लाइन चोक हो जाती है तथा प्रिन्स चौक के आस–पास का क्षेत्र पानी से भर जाता है जिस कारण सड़कों पर आवागमन पूर्णतः बन्द हो जाता है? क्या सरकार राजधानी क्षेत्र देहरादून के प्रिन्स चौक क्षेत्र से पानी/सीवर की निकासी के लिए स्थाई समाधान किये जाने हेतु कोई दीर्घकालीन योजना तैयार कर उसे स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 28.05.2021 | 51. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार पेयजल सुविधा से वंचित कुल कितने गांव/तोक/मजरे हैं, जहां सरकार व विभाग द्वारा पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है? क्या सरकार बतायेगी कि जल–जीवन मिशन योजना में आतिथि तक कुल कितने पेयजल संयोजन कराये गये हैं? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि पेयजल संयोजन से वंचित कुल कितने परिवार हैं? पेयजल संयोजन सुविधा से वंचित परिवारों को कब तक सुविधा प्रदान की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.05.2021 | 52. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुछ संस्कृत महाविद्यालय वर्गीकरण के फलस्वरूप महाविद्यालय की श्रेणी से बाहर हो गये हैं? क्या यह सत्य है कि उनमें उच्च शिक्षा योग्यताधारी एम. फिल. व पी.एच.डी. शिक्षक कई वर्षों से अध्यापन कर रहे हैं? क्या सरकार सभी शिक्षकों को वर्गीकृत संस्कृत महाविद्यालयों में जाने पर शिथिलता प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृत |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.05.2021 | 53. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र, धनोल्टी के अन्तर्गत सत्यों–सकलाना में दिसम्बर 2016 में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु शासन द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी, किन्तु वित्तीय स्वीकृति प्रदान न होने के कारण राजकीय महाविद्यालय की कक्षाओं का संचालन नहीं हो पाया था? क्या सरकार इस दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र में नौजवानों को उच्च शिक्षा एवं बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31.05.2021 | 54. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर की सकलाना पट्टी में ग्राम पंचायत कुण्ड के डेलकुलखाला से कुण्ड–बगनवालगांव पेयजल योजना का निर्माण वर्ष 1987–88 में विभाग द्वारा करवाया गया था? क्या यह सत्य है कि उक्त पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त पेयजल योजना का पुनर्गठन कराया जाना नितांत आवश्यक है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31.05.2021 | 55. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में ग्राम पंचायत खट्ट के खोड़ा, उधियाणा आदि तोकों के लिए निर्मित पेयजल योजना वर्ष 2013 की दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त हो गयी थी, जिससे काश्तकारों को पेयजल सम्बन्धी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या यह सत्य है कि काश्तकारों द्वारा लगातार क्षतिग्रस्त पेयजल योजना तथा टैंक के पुनर्निर्माण/मरम्मत की मांग विभाग से की जा रही है? यदि हां, तो उक्त क्षतिग्रस्त पेयजल योजना, टैंक का पुनर्निर्माण/मरम्मत कब तक करा ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>31.05.2021 | **प्रथम बुधवार के अता0 प्रश्न संख्या– 66 में स्थानान्तरित।**<br>56. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश भूकम्प की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है ? क्या सरकार द्वारा भूकम्प से होने वाली जनहानि को रोकने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों/शहरों में गिरासू भवनों का चिन्हीकरण किया जा चुका है तथा सरकार द्वारा गिरासू भवनों के रखरखाव/पुर्ननिर्माण एवं भूकम्प आने पर कम से कम जनधन की हानि हो इस हेतु कोई ठोस नीति बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक कियान्वयन होगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री खजान दास<br>31.05.2021 | 57. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि वर्तमान में पूरा प्रदेश कोविड –19 महामारी से जूझ रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि विगत वर्ष सरकार द्वारा मा0 विधायकगणों को विधायक निधि से रू0 1.00 करोड़ की धनराशि कोविड–19 से निपटने एवं तत्सबंधी उपकरणों को कय किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को दिये जाने के अधिकार दिये गये है ? क्या मंत्री जी राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र में विधायक निधि वर्ष 2020–21 एवं वर्ष 2021–22 में प्रदान की गई धनराशि से स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्या–क्या सामान/उपकरण क्रय किये गये थे तथा कय किये गये उपकरण किन–किन अस्पतालों में आवंटित किये गये है का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>31.05.2021 | 58. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना (राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा वित्त पोषित) के अन्तर्गत किसानों को क्या लाभ दिये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री खजान दास<br>02.06.2021 | 59. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर अन्तर्गत काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना की स्वीकृति की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है, किन्तु अब तक भी काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना को स्वीकृति प्रदान नही की गयी है? क्या सरकार काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 02.06.2021 | 60. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गर्मी के मौसम में शहरी तथा पहाड़ी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की कमी होती है, जिसके लिये मा0 प्रधानमंत्री द्वारा जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर नल योजना संचालित की गई है ? राज्य सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में कितने गांवों के परिवारों को इस योजना का लाभ दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.06.2021 | 61. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गढ़वाली–कुमांऊनी तथा जौनसारी बोली को स्कूली पाठयक्रम में सम्मिलित किए जाने की कोई योजना विचाराधीन है? क्या सरकार द्वारा गढ़वाली–कुमांऊनी तथा जौनसारी बोली के उन्नयन, सम्वर्द्धन तथा बच्चों में अपनी बोली–भाषा को जानने–समझने–बोलने तथा अपनी बोली के प्रति अनुराग उत्पन्न करने के उददेश्य से स्कूली पाठयक्रम अथवा एक विषय के रूप में संचालित किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.06.2021 | 62. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में वर्ष 2017–18 से आतिथि तक विद्यालयों के भवनों का निर्माण/पुनर्निर्माण तथा मरम्मत हेतु किन–किन विद्यालयों को कब–कब और कितना–कितना धनांवटन किया गया है? क्या यह सत्य है कि अधिकांश विद्यालय भवनहीन, पुनर्निर्माण तथा वृहद मरम्मत योग्य हैं? यदि हां, तो ऐसे विद्यालयों के भवनों के निर्माण/पुनर्निर्माण तथा वृहद् मरम्मत हेतु कब तक धनावंटन किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.06.2021 | 63. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि साधन सहकारी समितियों के आपस में विलीनीकरण से ग्रामीण काश्तकारों व समितियों के अंशधारकों/सदस्यों को भारी समस्याओं का सामना करना पढ़ रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कुल कितनी साधन सहकारी समितियां कार्यरत थी और विलीनीकरण के पश्चात कौन–कौन सी समितियां वर्तमान में अस्तित्व में रह गयी हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.06.2021 | 64. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि संस्कृत विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा का संचालन किया जा रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान समय में डिजिटलाईजेशन युग में कम्प्यूटर संचालन करने का ज्ञान अत्यधिक आवश्यक हो गया है? यदि हां, तो क्या सरकार संस्कृत विद्यालयों में संस्कृत के छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृत शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>03.06.2021 | 65. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उच्च शिक्षा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्राओं को शोध करने हेतु कितनी धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जा रही है तथा प्रत्येक वर्ष कितने छात्र–छात्राओं को इसका लाभ दिया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>03.06.2021 | 66. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 के दृष्टिगत लॉकडाउन से राज्य के प्राथमिक विद्यालय पूर्णतः बन्द हैं जिस कारण प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को मध्याहन भोजन नहीं मिल रहा है? क्या राज्य सरकार उत्तर प्रदेश सरकार की भांति छात्र–छात्राओं के लिए खाद्यान्न के साथ–साथ छात्रवृत्ति भी देने का विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.06.2021 | 67. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए किन–किन स्थानों पर अस्थायी अस्पताओं का निर्माण किया गया है? क्या यह सत्य है कि इन अस्पतालों के संचालन हेतु चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है? यदि हां, तो इन अस्थायी अस्पतालों में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>04.06.2021 | 68. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि राज्य में प्राथमिक विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष छात्र संख्या लगातार घटती चली जा रही है? प्रदेश के कई स्थानों में प्राथमिक विद्यालय छात्र संख्या शून्य होने के कारण बंद करने पड़ रहे हैं, और कई स्थानों पर प्रा0वि0 में छात्र संख्या 10 से भी नीचे है, जो कि चिन्ता का विषय है? क्या यह सत्य है कि प्रा0वि0 मे छात्र संख्या कम हो रही है? यदि हां, तो सरकार राज्य के सरकारी प्रा0वि0 के उन्नयन के लिए क्या–क्या कार्यक्रम बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.06.2021 | 69. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन0एच0एम0) के संविदा कर्मचारी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर 28 मई 2021 से आन्दोलन पर है ? क्या यह सत्य है कि इन कर्मियों द्वारा आन्दोलन पर चले जाने से कोविड सैम्पलिंग व टीकाकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है? क्या 4500 से अधिक इन कार्मिकों की न्यायोचित मांगों पर विचार किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.06.2021 | 70. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोरोना में कमी व मरीजों के ठीक होने की दर में इजाफा होने के बावजूद उत्तराखण्ड में मृत्युदर के मामले देश में दूसरे नम्बर पर है? क्या यह सत्य है कि देश में 1.15 प्रतिशत कोरोना की मृत्युदर है, जबकि उत्तराखण्ड में कोरोना की मृत्यु दर 1.89 प्रतिशत है? क्या सरकार कोरोना की मृत्यु दर को कम करने के लिये कोई ठोस व कारगर योजना पर कार्य कर रही है? यदि हां, तो व कार्ययोजना व ठोस–कारगर योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.06.2021 | 71. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सॉलिड वेस्ट, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट के तहत क्या–क्या योजनायें व कार्यक्रम गतिमान है? क्या यह सत्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों/कस्बों में भी सॉलिड वेस्ट लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट कार्य करवाये जाने की आवश्यकता पड़ रही है? यदि हां, तो सरकार शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों/कस्बों में भी इस योजना पर कार्य करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>07.06.2021 | 72. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में भूमि उपलब्ध होने पर राजकीय महिला डिग्री कालेज खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>07.06.2021 | 73. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कार्यरत प्राथमिक कृषि ऋण समितियां घाटे में है? क्या सरकार उनके घाटे को समाप्त करने की दिशा में दिनांक 01 अप्रैल, 2017 से 31 दिसम्बर, 2020 तक किये गये प्रयासों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>07.06.2021 | 74. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में युवाओं को खेलों में बढ़ावा देने के लिये सरकार कौन–कौन सी योजनाएं चला रही है? यदि नही, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>08.06.2021 | 75. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में स्थित जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित स्टार्ट अप योजना के अन्तर्गत कितने अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>08.06.2021 | 76. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बढ़ती बेरोजगारी के कारण राज्य के युवा वर्ग मानसिक तनाव ग्रस्त हो रहे हैं? इन युवाओं को युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रशिक्षण देकर राज्य के कई संस्थानों में रोजगार दिया जा सकता है, जिससे राज्य के युवा बेरोजगारों को रोजगार भी उपलब्ध हो पायेगा और बेरोजगारी दर को भी कम किया जा सकेगा? यदि नहीं, तो क्या सरकार युवा कल्याण विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण देकर युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>10.06.2021 | 77. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत सी0एच0सी0 (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, झबरेड़ा) में चिकित्सक की तैनाती पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>10.06.2021 | 78. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के जिला अस्पतालों, सी0एच0सी0 व पी0एच0सी0 में स्वीकृत पदो के सापेक्ष विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित अन्य कर्मियों की तैनाती हेतु सरकार कोई योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>10.06.2021 | 79. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने जिला चिकित्सालयों में सी0टी0 स्कैन मशीन एवं एम0आर0आई0 मशीन स्थापित है तथा उनमें से कितनी चालू है और कितनी बन्द हैं? क्या सरकार खराब एवं बंद सी0टी0 स्कैन मशीनों को पुनः चालू करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>10.06.2021 | 80. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 को मद्देनजर रखते हुए भविष्य में उत्तराखण्ड के सभी विकास खण्डों में स्कीनिंग मशीनों एवं टेस्टिंग लैब बनाये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है, जिससे भविष्य में आम जन मानस को परेशानियों का सामना न करना पड़े? क्या राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण बिन्दु पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक इस कार्यवाही को पूर्ण किये जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>11.06.2021 | 81. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि कोविड महामारी के दौरान राज्य में एन0एच0एम0 के माध्यम से जो चिकित्सा कार्मिक कार्य कर रहे हैं, उन कार्मिकों के लिए राज्य सरकार अन्य चिकित्सा कार्मिकों की तरह मानदेय देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>11.06.2021 | 82. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि राज्य में कोविड–19 महामारी से गांवों से शहरों तक के लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हुई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार के जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से लोगों की क्या मदद कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>14.06.2021 | 83. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि राज्य में लैब टेस्टिंग की व्यवस्थायें कम है, जिसका असर कोरोना जैसी महामारी मे देखा गया? क्या मंत्री जी अवगत है कि राज्य में ये व्यवस्थायें सभी सी0एच0सी0 में उपलब्ध कराना अत्यन्त आवश्यक है, जिससे राज्य के अधिक लोगों को दूर शहरों के बड़े अस्पतालों में न जाना पड़े? क्या राज्य सरकार इसके लिये कोई ठोस नीति लायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>15.06.2021 | 84. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने ऐलोपैथिक चिकित्सालय है तथा इन चिकित्सालयों में कितने चिकित्सकों व फार्मासिस्टों के पद रिक्त है? क्या सरकार इन समस्त चिकित्सालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.06.2021 | 85. क्या विद्यालयी (माध्यमिक) शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में जूनियर से एल0टी0 में समायोजित शिक्षकों के चयन प्रोन्नत वेतनमान का मामला शासन स्तर से स्वीकृत कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कितने शिक्षकों को चयन/प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत हो गया है तथा कितनों के प्रकरण लम्बित हैं? क्या मंत्री जी जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>16.06.2021 | 86. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों को 4–डी जांच (29 तरह की बर्थ डिफेक्ट–डिफिसिएन्सी, डिजीज और डिसआर्डर की जॉच ) के उपरान्त बच्चे को हैल्थ कार्ड इशू करने का प्राविधान है? मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में कुल बच्चों की संख्या क्या है जो बर्थ डिफेक्ट डिफिसिएन्सी, डिसीज और डिसआर्डर के शिकार हैं तथा 4–डी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग क्या व्यवस्था कर रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.06.2021 | 87. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाते है? यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्र अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ए0एन0एम0 के मानकों से अवगत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.06.2021 | 88. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि राज्य में पैक्स समितियों में सचिवों के पद सृजित है? यदि हां, तो क्या सरकार वर्तमान में उक्त समितियों में सृजित सचिवों के पदों पर रखे गये कार्मिकों की संख्या का विवरण उपलब्ध करायेगी? क्या यह भी सत्य है कि उक्त कार्मिकों के लिए कोई सेवा नियमावली बनायी जानी प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रस्तावित ड्राफ्ट का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री सुरेश राठौर<br>18.06.2021 | 89. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में विभिन्न छात्रावासों में रहने वाले अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिये कोविड–19 महामारी से रोकथाम सम्बन्धी आवश्यक एस0ओ0पी0 के अनुसार उचित रहन–सहन व खान–पान कराये जाने की कोई व्यवस्था बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>21.06.2021 | 90. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि राज्य को आपदा के तहत धनराशि प्राप्त होती है? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2020–21 के तहत उक्त मद में कितनी धनराशि प्राप्त हुई है तथा जनपद वार उपलब्ध करायी गयी धनराशि का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>21.06.2021 | 91. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत हैं कि राज्य को 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियां प्राप्त हो गयी हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य को 15वें वित्त आयोग कि संस्तुति पर ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायतों को धनाराशि आवंटन प्राप्त हो गया है? क्या यह भी सत्य है कि 15वें वित्त आयोग ने राज्य के लिए उत्साहवर्धन संस्तुतियां की हैं? यदि हां, तो क्या सरकार 15वें वित्त आयोग द्वारा राज्य को 05 वर्ष का आवंटन का विवरण उपलब्ध कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री धन सिंह नेगी<br>23.06.2021 | 92. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि आपदा प्रबन्धन के तहत राज्यों को प्राप्त धनराशि विभागों को आवंटित की जाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मद की धनराशि में से लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड को कितनी धनराशि वर्ष 2020–21 में दी गयी है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त धनराशि खर्च करने के लिए नियमों की भी बाध्यता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी आपदा मद से प्राप्त धनराशि को खर्च करने के लिए वर्तमान में प्रचलित नियमों को सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>23.06.2021 | 93. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य पर सरकार द्वारा रोजाना कितना धन व्यय किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार इसका पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.06.2021 | 94. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राज्य में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल हर घर जल देने का निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना के प्रथम चरण में किये जाने वाले कार्यों का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री धन सिंह नेगी<br>25.06.2021 | 95. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि राज्य में समग्र शिक्षा अभियान योजना लागू है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना कब से लागू की गयी है तथा राज्य सरकार ने इस योजना को लागू करने का किस प्रकार से प्रारूप तय किया है? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>25.06.2021 | 96. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार प्रदेश स्तर पर विभिन्न चिकित्सालयों में ब्लड बैंक की स्थापना करती है? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश स्तर पर स्थापित ब्लड बैंकों की संख्या से अवगत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

श्री धन सिंह नेगी
25.06.2021

97. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में सरकार विद्यालयों को कम्प्यूटर देने का कार्य कर रही है? यदि हां, तो क्या सरकार विद्यालयों को कम्प्यूटर देने के लिए अभी तक की गयी कार्यवाही से अवगत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

विद्यालयी शिक्षा

श्री धन सिंह नेगी
25.06.2021

98. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार ब्लाक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करती है? यदि हां, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मानकों से अवगत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

चिकित्सा स्वास्थ्य

श्री धन सिंह नेगी
28.06.2021

99. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार स्वरोजगार के लिए स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी अभी तक सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए की गयी कार्यवाही का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या यह भी सत्य है कि सहकारिता विभाग द्वारा ऋण उपादान योजना प्रारम्भ की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी अभी तक दिये गये ऋण व उससे लाभान्वित उद्योगों की संख्या सहित प्राप्त स्वरोजगार की संख्या उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों ?

सहकारिता

श्री महेश जीना
28.06.2021

100. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम) के तहत सेवारत उपचारिकायें अपनी सेवाएं दे रही हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि वैश्विक महामारी कोरोना के संकट काल में उपचारिकाओं का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना निरन्तर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं? क्या सरकार द्वारा वर्षों से सेवारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम) के तहत कार्यरत् उपचारिकाओं का नियमितीकरण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

चिकित्सा स्वास्थ्य